# सरकार विद्यार्थी कल्याण के लिए गंभीर

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा
- पेपल लीक मामले में पीएम मोदी ने तत्काल कार्रवाई की



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 25 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षक और विद्यार्थी वर्ग के कल्याण से जुड़े सभी विषयों पर अत्यंत गंभीर और संवेदनशील है. शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और विद्यार्थियों के हित में लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं.**

डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की जनता के हित में जब भी कोई निर्णय लिया जाता है, मप्र उसे लागू करने और निर्णय के अनुरूप नीतिगत व्यवस्था बनाने वाला पहला राज्य होता है. डॉ. यादव ने शनिवार को यहां विधानसभा परिसर में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में दोहराया कि इसी क्रम में युवाओं से संबंधित न्यायिक फैसले द्रूत गति से कराने के उद्देश्य से 4 फास्ट ट्रैक कोर्ट भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में बनाने का निर्णय लिया गया है. पेपर लीक और परीक्षा संबंधित मामलों का फास्ट ट्रैक कोर्ट में मात्र 3 माह में निराकरण सुनिश्चिति किया जाएगा.दिल्ली में पेपर लीक संबंधी प्रदर्शनों के परिप्रेक्ष्य में डॉ यादव ने केंद्र सरकार का बचाव करते हुए कहा कि जैसे ही नीट पेपर लीक की खबर सामने आई, उसकी जांच के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम एसआईटी गठित की. प्रकरण दर्ज हुआ और देशभर में तेज गति से आरोपियों की गिरफ्तारियां भी की गईं, फिर दोबारा नीट परीक्षा कराई गई. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार पूरी सहानुभूति और संवेदना विद्यार्थियों के साथ है. हम हर परिस्थिति में विद्यार्थियों के साथ खड़े हैं. डॉ. यादव ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में नीट परीक्षाएं बेहतर और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हों, इसके लिए स्टैंडर्ड ऑफ प्रोटोकॉल्स (एसओपी) तैयार कर सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा मप्र वह राज्य है, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 देश में सबसे पहले लागू की गई। पिछले ढाई साल के कार्यकाल में राज्य सरकार ने 3 नए शासकीय विश्वविद्यालय प्रारंभ किए हैं.

**सीएम आज निवाड़ी को देंगे विकास कार्यों की सौगात**

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 26 जुलाई को निवाड़ीवासियों को कई सौगात देंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवाड़ी जिले में संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट भवन के लोकार्पण सहित अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लगभग 193 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कुल 59 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे.

# चिकित्सा संस्थानों में गड़बड़ी पर सख्ती

## मप्र निजी विनियामक आयोग ने मांगी 2025-2026 में प्रवेशित छात्रों की सूची

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 25 जुलाई. प्रदेशभर में परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ी को लेकर सेंट्रल व राज्य स्तर पर चिकित्सा संस्थानों में कड़ी नजर रखी जा रही है. वहीं दूसरी तरफ निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना, संचालन, और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को नियंत्रित करने की दिशा में मप्र निजी विनियामक आयोग अब और भी ज्यादा सक्रिय हो गया गया है.**

आयोग ने समस्त निजी विश्वविद्यालय के कुलसचिवों से 2025-26 में चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों की प्रमाणिक सूची मांगी है. जिससे सभी संस्थानों में दाखिले, फीस, शैक्षणिक मानक और विनिमयन शुल्क के साथ योग्य स्टॉफ और छात्रों के हित में निर्णय लिये जा सकें. आयोग ने जिन डिग्री कोर्स में प्रवेशित छात्रों की सूची मांगी है उनमें एमबीबीएस, एमडी, एमएस, बीडीएस, एमडीएस, नर्सिंग, बीएएमएस, बीएचएमएस पाठ्यक्रम शामिल हैं.

जानकारी के अनुसार चिकित्सा पाठ्यक्रमों में फर्जी प्रवेश न हों, छात्रों से जबरन ज्यादा फीस वसूलने और चिकित्सा अध्ययन- अध्यापन , रिसर्च में गुणात्मक सुधार के लिए यह प्रयास किया जा रहा है. प्रदेश में मेडिकल, आयुष, डेंटल, नर्सिंग, चिकित्सा पाठ्यक्रमों के कुल 465 से ज्यादा कॉलेज हैं.जिसमें मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग भोपाल, संबंधित मंत्रालय में , संबंधित संचालनालय में, समस्त चिकित्सा संस्थानों से प्रवेशित छात्रों की सूची का मिलान करने पर अगर सूची एकसमान न होने पर या विसंगतियां पाये जाने पर संस्थान पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है.

आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश पाण्डेय ने कहा कि इस फैसले से निजी चिकित्सा संस्थानों में और ज्यादा पारदर्शिता के साथ छात्रों का प्रवेश और शैक्षणिक गतिविधियां हो सकेगी.

# पीडब्ल्यूडी के 60 इंजीनियरों की आईआईटी बॉम्बे में ट्रेनिंग


प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 25 जुलाई. लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मार्गदर्शन में निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता तथा क्षमता संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता को दृष्टिगत रखते हुए मप्र लोक निर्माण विभाग के 60 इंजीनियरों का भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी बॉम्बे में 5 दिवसीय आवासीय ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित हुआ.**

प्रशिक्षण कार्यक्रम मप्र लोक निर्माण विभाग एवं आईआईटी बॉम्बे के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत आयोजित किया गया. इसका उद्देश्य विभागीय अभियंताओं को विश्वस्तरीय तकनीकी ज्ञान, नवीनतम निर्माण तकनीकों तथा व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना है, जिससे प्रदेश में निर्मित होने वाली सड़क एवं सेतु परियोजनाओं की गुणवत्ता, टिकाऊपन और कार्य निष्पादन क्षमता में दीर्घकालिक सुधार सुनिश्चित किया जा सके. प्रशिक्षण के दौरान अभियंताओं को फील्ड एक्सीक्यूशन, गुणवत्ता नियंत्रण, निर्माण संयंत्रों का संचालन, सड़क एवं पेवमेंट में उत्पन्न होने वाली क्षतियों, आर.ई. वॉल, ड्रेनेज सिस्टम, पेवमेंट फेल्योर के कारणों तथा उनके वैज्ञानिक समाधान एवं सुधारात्मक उपायों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया.

# जलप्रदाय और मलजल परियोजनाओं की समीक्षा

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 25 जुलाई. नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी (एमपीयूडीसी) के अंतर्गत प्रगतिरत जलप्रदाय एवं मलजल परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा सुंदरलाल पटवा नगर प्रबंधन संस्थान, भौंरी की गई.**

बैठक की समीक्षा प्रमुख अभियंता आनंद सिंह एवं मुख्य अभियंता शैलेन्द्र शुक्ला ने की. प्रमुख अभियंता आनंद सिंह ने सभी संविदाकारों को निर्देश दिए कि परियोजना स्थलों पर पर्याप्त संख्या में श्रमिकों एवं आवश्यक मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हो सके.उन्होंने परियोजना प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी जलप्रदाय परियोजना की कमीशनिंग तभी की जाए, जब संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी यह सुनिश्चित कर दें कि प्रत्येक पात्र परिवार को घरेलू जल कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है. उन्होंने कहा कि बेहतर समन्वय, सतत निगरानी और अतिरिक्त प्रयासों से परियोजनाओं को शीघ्र पूर्णता तक पहुंचाया जा सकता है.

आनंद सिंह ने सभी परियोजना प्रबंधकों एवं संविदाकारों से परियोजनाओं के समस्त घटकों में अधिक से अधिक पौधरोपण करने पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा. उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को विकास का अभिन्न अंग बताते हुए हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया. बैठक के दौरान उन्होंने सभी संविदाकारों से वन-टू-वन चर्चा कर परियोजनाओं की प्रगति, चुनौतियों एवं उनके समाधान पर विस्तार से विचार-विमर्श किया.

मुख्य अभियंता शैलेन्द्र शुक्ला ने कहा कि किसी भी जलप्रदाय अथवा मलजल परियोजना की वास्तविक सफलता तभी है, जब उसका लाभ नगर के शत-प्रतिशत नागरिकों तक पहुंचे. बैठक के उपरांत एमपीयूडीसी की टीम ने सुंदरलाल पटवा नगर प्रबंधन संस्थान परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.

# अवैध यूरिया भंडारण से मकान क्षतिग्रस्त

## मकान मालिक ने लगाई न्याय की गुहार

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 25 जुलाई.जगदीशपुर स्थित सैनी चौराहे पर किराए के गोदाम में अवैध यूरिया भंडारण से मकान जर्जर हो रहा है. पुलिस ने अवैध भंडारण के चलते गोदाम को सील कर रखा है. इससे गोदाम में रखा यूरिया बारिश के मौसम की नमी से पिघलने लगा है, जिससे उनके पूरे मकान की दीवारें जर्जर और क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं.**

पीड़ित मकान मालिक मिथुन सैनी ने बताया कि उन्होंने दिसंबर 2024 में जगदीश कुमार बसंतानी को अपना 1320 वर्गफीट का गोदाम 15 हजार रुपए प्रति माह पर 11 महीने के लिए किराए पर दिया था. आरोपी ने बिना किसी अनुमति के गोदाम में अवैध यूरिया और डीएपी का भंडारण शुरू कर दिया था. गोदाम में अवैध यूरिया भंडारण की कार्रवाई के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिसने हाल ही में जबलपुर हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत हासिल कर ली है. आरोप है कि पिछले 13 महीनों से सील पड़े गोदाम का 1,95,000 रुपए किराया और 9,000 रुपए बिजली का बिल बकाया है जिसे मांगने पर आरोपी दबंगई दिखा रहा है और जान से मारने की धमकियां दे रहा है.पीड़ित ने आईजी, डीआईजी, एसपी और स्थानीय पुलिस थाने में कई बार लिखित शिकायत दी, लेकिन अब तक गोदाम से रसायन हटवाया गया.

# विद्यार्थियों ने जाना बाघों के संरक्षण का महत्व

## बाघ सप्ताह के तहत् आज रन फॉर टाइगर



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 25 जुलाई. अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के उपलक्ष्य में वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित बाघ सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को महाविद्यालय एवं विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 'सामान्य परिचय : बाघ व उनका अस्तित्व' विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया.**


'मध्यप्रदेश में बाघ' थीम पर 22 से 28 जुलाई तक आयोजित किये जा रहे बाघ सप्ताह का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन को बाघों के संरक्षण तथा उनके महत्व के प्रति जागरूक करना है.शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के 7 तथा गुरुनानक पब्लिक स्कूल, बीएचईएल, भोपाल के 37 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वन विहार का भ्रमण कराया गया और बाघों के जीवन, व्यवहार, प्राकृतिक आवास और संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर संवाद करते हुए रोचक एवं उपयोगी जानकारी दी गई.वन विहार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया. बाघ सप्ताह के तहत 26 जुलाई रविवार को प्रात: 7 बजे 'रन फॉर टाइगर' का आयोजन किया जाएगा.दौड़ का शुभारंभ वन भवन, तुलसी नगर से होगा और निर्धारित मार्ग से होते हुए शिवाजी महाराज चौराहा होकर वन भवन पर समापन होगा.रविवार को ही प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक वन विहार की विहार वीथिका में भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों के लिए 'मध्यप्रदेश में बाघ' विषय पर ऑन-द-स्पॉट चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी.वहीं अपराह्न 4 बजे स्नेक पार्क में पर्यटकों के लिए बाघ संरक्षण विषयक ऑन-द-स्पॉट क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी.

## भेल कॉलेज में छात्रों को दी जाएगी एआई की शिक्षा

**भोपाल.** बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल की जनभागीदारी की सामान्य परिषद बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम एल के खरे ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र हित में विभिन्न अधोसंरचना विकास सम्बंधित निर्णयों के साथ विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया. उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ - साथ नैतिक मूल्यों और पारिवारिक दायित्वों से संस्कारित करने की आवश्यकता बताई. समिति के सचिव एवं प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों, आउटसोर्स एजेंसी, अग्निशमन यंत्रों का रखरखाव, बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ द्वारा सेमीनार, भेल प्रशासन से लायसेंस शुल्क के प्रस्ताव प्रस्तुत किए.

# भारतीय ज्ञान परम्परा नई पीढ़ी तक पहुंचाएं

## उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 25 जुलाई.उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने भारतीयता के भाव के प्रकटीकरण का एक ऐतिहासिक अवसर प्रदान किया है. अब हमारा दायित्व है कि पाठ्यक्रमों एवं पुस्तकों के माध्यम से भारतीय ज्ञान परम्परा, सांस्कृतिक विरासत, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शोध आधारित ज्ञान को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए.**

परमार भोपाल स्थित सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'स्नातक द्वितीय वर्ष पुस्तक लेखन एवं स्नातक चतुर्थ वर्ष पाठ्यक्रम निर्माण कार्यशाला' के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे.परमार ने कहा कि पाठ्यक्रमों का परीक्षण महत्वपूर्ण दायित्व है, क्योंकि इनके माध्यम से भारतीय ज्ञान परम्परा को प्रभावी रूप से समाहित करने का अवसर मिलता है.यह केवल पुस्तक लेखन का कार्य नहीं, बल्कि शिक्षा में भारतीय दृष्टि को स्थापित करने का राष्ट्रीय अभियान है. परमार ने कहा कि पुस्तक लेखन संदर्भ आधारित, शोधोन्मुख एवं प्रमाणिक होना चाहिए.

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि मध्यप्रदेश में भारतीय ज्ञान परम्परा के क्षेत्र में गंभीर चिंतन एवं आधारभूत कार्य हो रहा है.उन्होंने कहा कि पुस्तक लेखन एक सामूहिक बौद्धिक प्रक्रिया है, इसलिए प्रत्येक पांडुलिपि का गंभीर परीक्षण एवं समीक्षा आवश्यक है.भारतीय ज्ञान परम्परा तथ्यात्मक, वैज्ञानिक एवं अनुभव आधारित है तथा वर्तमान समय में इसके आधार पर नवसृजन का कार्य किया जाना चाहिए. आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया. कार्यशाला में भारतीय ज्ञान परम्परा के परिप्रेक्ष्य में 26 पांडुलिपियों का विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत परीक्षण किया गया.

# मंदसौर में 465 किलो डोडाचूरा जब्त



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 25 जुलाई . प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंदसौर जिले की अफजलपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 465 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया है.**

पुलिस ने यह खेप एक लावारिस स्कॉर्पियो वाहन से बरामद की, जबकि तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए. जब्त मादक पदार्थ और वाहन की कुल अनुमानित कीमत 21.30 लाख रुपये बताई गई है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिंह बघेल के पर्यवेक्षण में की गई. 24 जुलाई की रात नियमित वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन लेकर भाग निकला. कुछ दूरी पर वाहन छोड़कर आरोपी फरार हो गए.

वाहन की तलाशी में 21 बोरियों में भरा 465 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 9.30 लाख रुपये है. जब्त स्कॉर्पियो की कीमत करीब 12 लाख रुपये आंकी गई है.

पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विशेष टीमों का गठन किया है. फरार तस्करों की तलाश जारी है.

## सांची में गूंजा स्वच्छता का संदेश

**भोपाल.** विश्व प्रसिद्ध यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची में शनिवार को 'स्वच्छ पर्यटन अभियान' के तहत स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया.अभियान का उद्देश्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों को स्वच्छ, पर्यावरण-अनुकूल एवं सिंगल-यूज प्लास्टिक मुक्त बनाना तथा स्थानीय समुदाय को स्वच्छ पर्यटन की मुहिम का सक्रिय भागीदार बनाना रहा.मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी. ने कहा कि सांची से प्रारंभ हुआ यह अभियान जनभागीदारी आधारित स्वच्छ पर्यटन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.अब प्रत्येक माह प्रदेश के एक प्रमुख पर्यटन स्थल पर इस प्रकार का स्वच्छ पर्यटन अभियान चलाया जाएगा.

# छात्राओं ने समझीं आयकर की बारीकियां



संत नगर संवाददाता

**संत नगर, 25 जुलाई. संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा छात्राओं में कर संबंधी जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी के स्वागत उद्बोधन से हुआ. उन्होंने कहा कि कर का भुगतान प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक का नैतिक दायित्व है और यही राष्ट्र के विकास की मजबूत आधारशिला है.**

सत्र के मुख्य वक्ता सीए निखिल नैनानी ने आयकर की मूल अवधारणाओं, कर भुगतान की प्रक्रिया तथा उसके सामाजिक और आर्थिक महत्व पर विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि प्रत्येक देश की कर व्यवस्था उसकी आर्थिक आवश्यकताओं और नीतियों के अनुरूप निर्धारित होती है तथा नागरिकों द्वारा जमा किया गया कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता है.

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने आयकर से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका मुख्य वक्ता ने सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया. अंत में छात्राओं से आयकर विषयक प्रश्न हल करवाए गए, जिससे उन्हें विषय की व्यवहारिक समझ प्राप्त हुई.

# नगर पालिका अध्यक्ष ने सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन



नवभारत न्यूज

**बैरसिया, 25 जुलाई.** नगरपालिका के वार्ड 18 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगरपालिका अध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड़, वार्ड पार्षद रणधीर सिंह राजपूत, नीरज नामदेव, सोनु कुशवाह एवं सीएमओ राजेंद्र सक्सेना ने किया. भूमिपूजन कार्यक्रम में कुलदीप सिंह राठौड़ ने कहा कि जनसहयोग और जनविश्वास के साथ वार्ड के सर्वांगीण विकास के लिए हम निरंतर प्रतिबद्ध हैं. 'बेहतर सड़कें, बेहतर सुविधाएं और बेहतर भविष्य हमारा संकल्प है. इसी सोच के साथ क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं.

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा | बैरसिया में अभिभावक और शिक्षकों की हुई बैठक

# पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को संस्कार भी दें :दुबे



नवभारत न्यूज

**बैरसिया, 25 जुलाई. शासकीय सांदीपनि ठाकुर लाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैरसिया में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी दीपक दुबे रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य साजिया खान ने की. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आनंद कुमार उपाध्याय ने किया.**

मुख्य अतिथि दीपक दुबे ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है. गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र, संस्कार और व्यक्तित्व का निर्माण भी करते हैं. उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य के लिए अभिभावक, शिक्षक और विद्यालय तीनों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है.

उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके संस्कार, अनुशासन, समय के सदुपयोग और नैतिक मूल्यों पर भी विशेष ध्यान दें. बच्चों के साथ प्रतिदिन संवाद करें.

दुबे ने कहा कि बच्चों की गतिविधियों की जानकारी रखें तथा विद्यालय के शिक्षकों से नियमित संपर्क बनाए रखें. उन्होंने कहा कि जब परिवार और विद्यालय मिलकर कार्य करते हैं, तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होता है. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य साजिया खान ने उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए विद्यालय और अभिभावकों के बीच निरंतर सहयोग बनाए रखने का आह्वान किया.

# 27 जुलाई को सौंपेंगे छह लाख हस्ताक्षर

## देशभर से 15 करोड़ से अधिक हस्ताक्षर सौंपने का दावा किया

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 25 जुलाई. गो सम्मान आह्वान अभियान के दूसरे चरण के तहत 27 जुलाई को भोपाल सहित देशभर के जिलों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे.**

अभियान से जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार भोपाल से करीब छह लाख हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा जाएगा, देशभर से 15 करोड़ से अधिक हस्ताक्षर सौंपने का दावा किया गया है. आयोजकों के मुताबिक अभियान के जरिए गोहत्या पर केंद्रीय कानून बनाने, गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना और गोचर भूमि की सुरक्षा समेत 30 से अधिक मांगें सरकार के सामने रखी जाएंगी. उनका कहना है कि इन मांगों के समर्थन में पिछले कई महीनों से हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है.

संस्था के अनुसार भोपाल में सोमवार सुबह कार्यक्रम की शुरुआत गुफा मंदिर से होगी. यहां सामूहिक पूजा और मंत्रोच्चार के बाद श्रद्धालु शांतिपूर्ण यात्रा के रूप में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे. इसके बाद जिला प्रशासन के माध्यम से हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन संबंधित संवैधानिक पदाधिकारियों को भेजा जाएगा. आयोजकों ने बताया कि अभियान के पहले चरण में अप्रैल में देशभर की तहसीलों से भी ज्ञापन भेजे गए थे. मांगों पर निर्णय नहीं होने के बाद अब दूसरे चरण के तहत फिर से ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम तय किया गया है.

## वाचनालय परिसर में पौधारोपण

**भोपाल.** अयोध्या नगर स्थित वार्ड 68 में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त वाचनालय परिसर में शनिवार को नगर निगम की जनसंपर्क शाखा की पहल पर पौधारोपण कार्यक्रम हुआ. कार्यक्रम का मकसद शहर में हरियाली बढ़ाना है और लोगों को पौधों की देखभाल के लिए जागरूक करना रहा.

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसामान्य को सुचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम SAMINA BANO MEMAN लिखा था जिसे बदलकर SAMINA BANO MEMON कर दिया गया है।

मुझे SAMINA BANO MEMON नाम से जाना जाएं।

सही :समीना बानो मेमन
पत्नि मोहम्मद अलताफ मेमन
पता : वार्ड नं.7, सिवनी रोड,
कटंगी, जिला- बालाघाट